

# शिक्षा के डिजिटल युग में 110 स्कूलों में पसरा अंधेरा

**विद्युत विभाग के आला अधिकारियों की लापरवाही आई सामने**

**वर्ष 2025 में जारी हुई थी 56 लाख 67 हजार रुपए की राशि**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। एक तरफ देश डिजिटल शिक्षा, स्मार्ट क्लास और आधुनिक स्कूलों की बात कर रहा है, तो दूसरी तरफ मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जिले में ऐसे भी सरकारी स्कूल हैं, जहां आज तक बिजली का एक बल्ब भी नहीं जल पाया है। बच्चे आज भी अंधेरे वाले कमरों में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि सरकार इन स्कूलों में बिजली पहुंचाने के लिए लाखों रुपये पहले ही जारी कर चुकी है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की लापरवाही के चलते 110 स्कूल अब भी रोशनी का इंतजार कर रहे हैं।**


दरअसल शिक्षा किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत होती है। सरकार हर बच्चे तक बेहतर शिक्षा पहुंचाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन टीकमगढ़ जिले के 110 शासकीय स्कूलों की तस्वीर इस दावे पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। इन स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों बच्चे आज भी बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। वर्ष 2025 में शासन ने इन स्कूलों में बिजली कनेक्शन के लिए 56 लाख 67 हजार रुपये बिजली विभाग को उपलब्ध करा दिए थे, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी इन स्कूलों में बिजली नहीं पहुंच सकी। सुबह जब बच्चे अपने सपनों को लेकर स्कूल पहुंचते हैं, तो उन्हें उम्मीद होती है कि वहां उन्हें बेहतर माहौल मिलेगा। लेकिन कई स्कूलों में उनकी मुलाकात अंधेरे कमरों से होती है। बरसात के दिनों में बादल छाते ही कक्षाओं में इतना अंधेरा हो जाता है कि ब्लैकबोर्ड तक साफ दिखाई नहीं देता। कई बार शिक्षकों को बच्चों को दरवाजे या खिड़की के पास बैठाकर पढ़ाना पड़ता है, ताकि थोड़ी प्राकृतिक रोशनी मिल सके।जिस उम्र में बच्चों को नई तकनीक और डिजिटल शिक्षा से जोड़ना चाहिए, उस उम्र में वे आज भी बिजली के इंतजार में हैं।बिजली नहीं होने से केवल एक बल्ब नहीं बुझा है बल्कि बच्चों के कई सपनों पर भी अंधेरा छाया हुआ है।गर्मी के दिनों में पंखे नहीं चल पाते और बरसात में अंधेरी कक्षाओं में पढ़ाई करना मजबूरी बन जाता है।शिक्षकों का कहना है कि वर्षों से बिजली कनेक्शन के लिए विभागों को पत्र लिखे जा रहे हैं। कई बार बिजली विभाग को लिखित जानकारी भेजी गई, लेकिन अब तक सिर्फ कागजी कार्रवाई ही होती रही।

जिला परियोजना समन्वयक आरपी त्रिपाठी का कहना है कि इस समस्या को गंभीरता से लिया गया है। हाल ही में बिजली विभाग को एक बार फिर पत्र भेजा गया है और जल्द समाधान होगा।

### उच्च स्तर से सूची मिलने पर होंगे कनेक्शन जारी

बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता अजमेर सिंह का कहना है कि फंड ट्रांसफर से जुड़ी कुछ तकनीकी दिक्कतें सामने आई हैं। इसी कारण प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है।उनका कहना है कि विभाग को उच्च स्तर से सूची मिलने के बाद ही बिजली कनेक्शन जारी किए जाते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि जिले के 110 स्कूलों में बिजली कनेक्शन होना बाकी है और संबंधित फाइल फिलहाल विभाग में लंबित है। एक तरफ सरकार शिक्षा को प्राथमिकता देने और हर स्कूल को आधुनिक बनाने की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ लाखों रुपये जारी होने के बावजूद बच्चे अंधेरे में पढ़ने को मजबूर हैं।

# नवनियुक्त युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष का आत्मीय स्वागत



**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अनुशंसा पर युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद पर संकल्प जैन को नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद गुरूवार को नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संकल्प का नगर आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं सहित पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।**

नियुक्ति की घोषणा के बाद जिले के भाजपा एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला है। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संकल्प जैन को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में युवा मोर्चा जिले में संगठन को और अधिक मजबूत करेगा। इसके साथ ही युवाओं को पार्टी की नीतियों से जोड़ने का कार्य करेगा। संकल्प जैन ने स्वागत के दौरान पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे । उन्होनें संगठन की मजबूती और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कहीं है।

दरअसल युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संकल्प जैन गुरूवार को भोपाल से वाया ट्रेन से ललितपुर पहुंचे जहां हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता वहां पहले से मौजूद थे। इसके बाद अध्यक्ष का काफिला टीकमगढ़ के लिए चारपहिया वाहनों के साथ रवाना हुआ ।टीकमगढ़ में आते ही साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, प्रीती शर्मा, राजेन्द्र तिवारी, राहुल तिवारी, अंशुल व्यास सहित तमाम भाजपाईयों के नाम शामिल रहे है।

# स्वच्छता को लेकर विद्यालयों में कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज, पलेरा। नगर परिषद पलेरा द्वारा क्षेत्र को स्वच्छ और रोगमुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवि उपाध्याय के निर्देशन में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।**

यह पूरी गतिविधि टीम लीडर जावेद खान के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए मौसमी व संक्रामक बीमारियों से बचाव की विस्तृत जानकारी दी गई बीमारियों से बचाव के बताए उपाय कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद की टीम ने छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता और आसपास के परिवेश को साफ रखने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को निम्नलिखित मुख्य बातों के प्रति जागरूक किया गया हाथों की स्वच्छता नियमित रूप से साबुन से हाथ धोने की आदत डालें।शुद्ध पेयजल हमेशा स्वच्छ और ढके हुए पानी का ही सेवन करें। कचरा प्रबंधन कचरा इधर-उधर न फैलाएं।

## संचालकों को स्पष्ट निर्देश

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। उचित मूल्य राशन दुकानों का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पूरी मात्रा में खाद्यान्न पहुंचाना है। इसके लिए सरकार ने राशन दुकान संचालकों के लिए कई स्पष्ट नियम बनाए हैं।**

राशन दुकान पर संचालक को दुकान के बाहर दुकान का नाम, संचालक का नाम, खुलने और बंद होने का समय, उपलब्ध राशन का स्टॉक, प्रति यूनिट मिलने वाली सामग्री, मूल्य सूची तथा शिकायत हेल्पलाइन संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए। संचालक को प्रत्येक पात्र हितग्राही को निर्धारित मात्रा में राशन देना होगा।

# अज्ञात लोगों पर मारपीट कर पैसे लूटने का लगाया आरोप



**नवभारत न्यूज, जतारा। जतारा थाना क्षेत्र के ग्राम करमौरा निवासी आशीष यादव पुत्र भगीरथ यादव को अज्ञात लोगों ने चाकू एवं लाठी के सहारे लूट की घटना को अंजाम दिया है। युवक को पेट में चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसके पास से 37,500 रुपये नगद छीन लिए। यह आरोप करमौरा निवासी आशीष यादव ने थाना प्रभारी जतारा को दिए आवेदन में लगाए है।**

आवेदन में बताया गया कि 23 जुलाई 2026 को सुबह करीब 3.00 से 4.00 बजे के बीच जतारा से घर ग्राम करमौरा की ओर पैदल जा रहा था। उसके पास 37,500 रुपये थे। पीछे से एक काली रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी आई और अचानक उसके आगे रुक गई। गाड़ी से तीन युवक चाकू और लाठी लेकर उतरे। उनके चेहरे तौलिए व रुमाल से ढके हुए थे। आरोपियों ने युवक पर हमला कर उसे सीधे चाकू मार दिया। पेट में चार गंभीर जगहों पर चोटें आईं। लुटेरों ने जबरन उसकी जेब से सारा पैसा छीन लिया।

युवक बेहोश हो गया। पीड़ित ने जतारा थाना पुलिस से उक्त लोगों के खिलाफ तुरंत वैधानिक कार्रवाई करने और उन्हें पकड़ने की मांग की है।

## छात्राओं को किया जागरूक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। एक सामाजिक संगठन की महिलाओं ने सरकारी गर्ल्स हाई सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं को मासिक धर्म के प्रति जागरूक किया। इस दौरान छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़ी समस्याओं, सुरक्षा और बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।**

नजर बाग स्थित शासकीय हाईस्कूल शिशु मंदिर में आयोजित की गई थी, जिसका मुख्य विषय मासिक धर्म के समय होने वाली परेशानियाँ और सेंक्रमण से बचाव था। महिला विशेषज्ञ डॉ. रेखा बड़गैया विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहीं।

## वैज्ञानिकों ने फसलों का निरीक्षण किया

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र, टीकमगढ़ के वैज्ञानिक दल ने जिले के विभिन्न गांवों में खरीफ फसलों का निरीक्षण कर किसानों को रोग एवं कीट नियंत्रण के वैज्ञानिक एवं जैविक उपायों की जानकारी दी।**

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. बीएस किरार, डॉ. आरके प्रजापति, डॉ. एसके सिंह, डॉ. एसके जाटव, डॉ. आइडी सिंह एवं जयपाल छिगारहा ने बुंदेलखंड सामाजिक सेवा संस्थान के स्थानीय ग्रामीण कार्यकर्ताओं मनोज लोधी, रीना कुशवाहा, नैंसी प्रजापति, कुलदीप सिंह एवं दशरथ कुशवाहा के साथ ग्राम नैनवारी, राधापुर, सोरियाना, लार एवं नगारा का भ्रमण किया। इस दौरान किसानों के खेतों में सोयाबीन, उड़द, मूंगफली एवं तिल की फसलों का निरीक्षण कर रोग एवं कीटों की स्थिति का आकलन किया गया तथा आवश्यक सलाह दी गई। खरीफ फसलों में इल्लियों तथा रस चूसने वाले कीटों के प्रारंभिक प्रकोप की रोकथाम के लिए प्राकृतिक खेती आधारित पर जानकारी दी।

## बीमा पंजीयन कराने की अपील

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रधानमंत्री फ सल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ फसलों के लिये बीमा पंजीयन की शुरूआत हो गई है। जिले में खरीफ 2026 मौसम के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा पंजीयन का कार्य प्रारम्भ हो गया है।**

कृषि विभाग ने 31 जुलाई 2026 तक फ सल बीमा माह मनाने का निर्णय लिया है। इस दौरान तहसील और ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों को योजना की जानकारी देकर बीमा कराने के लिये प्रेरित किया जावेगा।

## आज रेडक्रॉस सोसायटी का होगा निर्वाचन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा द्वारा सामान्य सभा एवं प्रबंध समिति के निर्वाचन के लिए समय-सारिणी जारी कर दी गई है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया 24 जुलाई को निर्धारित स्थान पर संपन्न होगी।**

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 9:30 बजे से 11:30 बजे तक सामान्य सभा एवं मंत्री कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से 12:30 बजे तक नामांकन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। दोपहर 1 बजे से 1:30 बजे तक नामांकन पत्र जमा करने तथा 1:30 बजे से 2 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। दोपहर 2 बजे से 2:30 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। निर्वाचन कार्यक्रम के तहत दोपहर 3:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक उपस्थित सदस्यों द्वारा मतदान किया जाएगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी तथा परिणाम घोषित किए जाएंगे। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा ने सभी पात्र सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित रहे।

# पार्षद ने पेयजल व्यवस्था पर उठाए सवाल



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर के पेयजल व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल उठ गए हैं। शहर के नलों में गंदा पानी आने की शिकायतें मिली हैं। गुरुवार को वार्ड नंबर 6 की कांग्रेस पार्षद पूनम जायसवाल ने पानी की टंकी का निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान पार्षद ने बताया कि पानी की टंकी की सीढ़ियां पिछले दो सालों से टूटी पड़ी हैं। इस कारण टंकी की नियमित साफ-सफाई नहीं हो पा रही है, जिससे पानी दूषित हो रहा है।ताल दरवाजा निवासी डॉ. अशोक पस्तोर ने शिकायत की है कि उनके घर में सप्लाई हो रहे पीने के पानी में कई बार पक्षियों के पंख निकले हैं। उन्होंने यह भी बताया कि लगभग 15 दिन पहले भी ऐसी ही शिकायत सामने आई थी।शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पार्षद रजनी पूनम जायसवाल हनुमान चालीसा मंदिर के पास स्थित पेयजल टंकी पहुंचीं।

## आंदोलन की चेतावनी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। लिधौरा तहसील के ग्राम पंचायत बिजरौटा के फतेह का खिरक के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में शिकायत दर्ज कराकर आरोप लगाया है कि नट समुदाय के लोग सरकारी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। उन्होनें आंदोलन की चेतावनी दी है।**

शिकायत में कहा गया है कि पिछले कुछ सालों से नट समुदाय के लोग इन स्कूलों के पास डेरा डाले हुए हैं और अवैध रूप से भैंस बेचने का धंधा करते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके रहने से गांव का माहौल खराब हो रहा है।

# अधिवक्ता की हत्या के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज, खरगापुर। ग्वालियर जिले के भितरवार में अधिवक्ता रतन सिंह यादव की दिनदहाड़े गोली मारकर की गई निर्मम हत्या के विरोध में टीकमगढ़ जिले के वकीलों में भारी रोष व्याप्त है। घटना के प्रतिवाद स्वरूप जिला अभिभाषक संघ, टीकमगढ़ ने 23 जुलाई 2026 को न्यायालयीन कार्यों से पूरी तरह विरत रहने का निर्णय लिया, जिससे अदालतों में कामकाज ठप रहा। बल्देवगढ़ में ज्ञापन दिया गया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 20 जुलाई 2026 को भितरवार में आरोपी राकेश यादव एवं राहुल यादव द्वारा अधिवक्ता रतन सिंह यादव पर गोली चलाकर उनकी निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस दुस्साहसिक वारदात से संपूर्ण प्रदेश के अधिवक्ता समुदाय में असुरक्षा और भय का माहौल व्याप्त है। जिला अभिभाषक संघ टीकमगढ़ ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को प्रेषित पत्र में कहा कि राज्य में वकीलों के खिलाफ गंभीर वारदातें लगातार घटित हो रही हैं, लेकिन इसके बावजूद मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू नहीं किया जा रहा है।

## लेन-देन एवं वित्तीय सुरक्षा से कराया अवगत

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़ ।भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान एसबीआई आरसेटी टीकमगढ़ में आरोह फ उंडेशन द्वारा संचालित मनीवाइज वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेन-देन एवं वित्तीय सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।**

शिविर में प्रतिभागियों को बैंकिंग प्रणाली, साइबर फ्रॉड से बचाव, नॉमिनेशन की आवश्यकता, केवाईसी, डेबिट कार्ड के सुरक्षित उपयोग, नेट बैंकिंग, बजट प्रबंधन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना सहित विभिन्न वित्तीय सेवाओं एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सुरक्षित एवं जिम्मेदार बैंकिंग व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में आरोह फाउंडेशन के स्टेट हेड हेमंत लाड़िया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसबीआई आरसेटी के निदेशक विवेक रघुवंशी, सीएफएल सेंटर प्रभारी नरेंद्र सिंह, एएफसी पूरन लाल यादव मौजूद रहे।

## गंदगी से लोग हो रहे परेशान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़ ।शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है ।लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।**







# मौसम

## आगामी दिनों में बारिश की जताई जा रही संभावना

# कई दिनों से बारिश का दौर अनवरत जारी, घुली ठंडक



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। गुरुवार सुबह से मौसम ने करवट ली। सुबह 8 बजे से बारिश शुरू हो गई, जबकि आसमान में घने काले बादल छाए रहे। मौसम विभाग ने दिनभर बारिश जारी रहने की संभावना जताई है। बुधवार को भी पूरे दिन बादल छाए रहे थे, लेकिन बारिश नहीं हुई थी।**

जिले में अब तक औसतन 11.2 इंच बारिश दर्ज की गई है। पिछले वर्ष इसी अवधि तक 37.9 इंच औसत वर्षा रिकॉर्ड हुई थी। इस तरह इस बार अब तक 26.7 इंच कम बारिश हुई है। जून में मानसून की धीमी शुरुआत के बाद आषाढ़ माह में बारिश की रफ्तार बढ़ी है। समय-समय पर हो रही बारिश से खरीफ फसलों की स्थिति फिलहाल बेहतर बनी हुई है। पिछले साल अधिक वर्षा के कारण कई क्षेत्रों में बुवाई प्रभावित हुई थी, जबकि इस बार जिले के करीब 90 प्रतिशत किसानों ने उड़द, मूंगफली, तिल और सोयाबीन की बुवाई पूरी कर ली है।भू-अभिलेख कार्यालय के अनुसार जिले में सबसे अधिक 438 मिलीमीटर 17.5 इंच वर्षा टीकमगढ़ तहसील में दर्ज की गई है।

इसके अलावा खरगापुर में 15 इंच, बल्देवगढ़ और जतारा में 12-12 इंच, पलेरा में 10 इंच, बड़ागांव में 8.5 इंच, मोहनगढ़ में 7.5 इंच और लिधौरा में सबसे कम 95 मिलीमीटर करीब 4 इंच बारिश हुई है। कम बारिश का असर जलाशयों पर भी दिखाई दे रहा है।

बान सुजारा बांध में फिलहाल केवल 31 प्रतिशत पानी भरा है। बांध प्रबंधन के अनुसार धसान नदी से पानी की आवक बेहद कम है, जिसके कारण बांध के सभी 12 गेट बंद हैं। जिले के अधिकांश नदी-तालाबों में भी अभी पर्याप्त जलभराव नहीं हो सका है।

### इस साल 90 प्रतिशत हुई फसलों की बुवाई

इस बार जिले के करीब 90 प्रतिशत किसानों ने उड़द, मूंगफली, तिल और सोयाबीन की बुवाई पूरी कर ली है।भू-अभिलेख कार्यालय के अनुसार जिले में सबसे अधिक 438 मिलीमीटर 17 .5 इंच वर्षा टीकमगढ़ तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा खरगापुर में 15 इंच, बल्देवगढ़ और जतारा में 12-12 इंच, पलेरा में 10 इंच, बड़ागांव में 8 .5 इंच, मोहनगढ़ में 7 .5 इंच और लिधौरा में सबसे कम 95 मिलीमीटर करीब 4 इंच बारिश हुई है।

## आकांक्षी ब्लॉक बल्देवगढ़ के अधिकारियों की बैठक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत टीकमगढ़ जिले के आकांक्षी ब्लॉक बल्देवगढ़ के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नीति तारा के प्रभावी उपयोग एवं क्षमता संवर्धन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने आकांक्षी ब्लॉक बल्देवगढ़ के एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण परिवेश तक योजनाओं का प्रचार प्रसार करने एवं शासकीय कार्यक्रमों को अंतिम छोर तक समझाने में ये डिवाइस उपयोगी रहेगी इसीलिए सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी इसका प्रभावी उपयोग सीख लें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को नीति तारा प्लेटफॉर्म की कार्यप्रणाली, डेटा आधारित योजना निर्माण, योजनाओं की प्रगति की प्रभावी समीक्षा, रियल-टाइम मॉनिटरिंग तथा विभिन्न विकास संकेतकों के विश्लेषण की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि नीति तारा के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि एवं जल संसाधन, आधारभूत संरचना की जानकारी दी।